an>

Title: Need to promote use of organic fertilizers in the country.

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) :** महोदय, मैं एक अति महत्वपूर्ण विषय को आपके माध्यम से सदन के सामने उठाना चाहता हूँ। रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से जहाँ खेती में उत्पादन प्रभावित हो रहा है, वहीं ये कीटनाशक जाने-अनजाने में पानी, मिट्टी, हवा, जन-स्वास्थ्य एवं जैव विविधता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं और प्रकृति का संतुलन भी बिगाड़ रहे हैं। अनेक कीटनाशक व्याधियाँ फिर से पैदा हो रही हैं। कई कीटनाशकों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई है और वे दवाओं को ही हजम कर रहे हैं। इसका असर खाद्य उत्पादनों पर पड़ रहा है। उनमें दवाओं व रसायनों की मात्रा खतरनाक स्तर पर आ जाने से कैंसर जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। लोगों की भी रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म होती जा रही है।

हमारे देश की मिट्टी अत्यधिक उपजाऊ है एवं हमारा किसान बहुत मेहनती है। हमारे देश के किसान दुनिया के कई देशों को खाद्यान्न उपलब्ध करा सकते हैं। लेकिन ज्यादा फसल के लालच में अंधाधुंध खाद व कीटनाशकों का प्रयोग होने से जहर मिट्टी में समाता जा रहा है। नदी-नालों एवं भूगर्भ का जल भी जहरीला होता जा रहा है।

भारतीय कृषि के पारम्परिक ज्ञान में कई ऐसे नुस्खे हैं, जिन्हें अपनाने से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि फसल की मात्रा वे गुणवत्ता भी बेहतर होती है। हमारी आदरणीय अध्यक्ष महोदया जिस क्षेत्र से हैं, उनसे लगा हुआ निवाड़ क्षेत्र है, जहाँ पर मिर्च की खेती बहुतायत में होती है, लेकिन इस वर्ष जिन किसानों ने खेतों में रसायन का उपयोग किया, उनकी फसल खराब हो गई है। इसके विपरीत कुछ किसानों ने गुड़, दूध और हल्दी का छिड़काव किया और घंटी बजाई, तो ऐसे किसानों के खेतों में जो मिर्च की फसल हुई है, वह बहुत अच्छी हुई है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जल, जन एवं जीवन को स्वस्थ रखने के लिए देश में जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने वाले कीटनाशकों के उपयोग पर रोक लगाने एवं तालाबों की सफाई को प्रोत्साहित कर उनसे निकलने वाली खाद को खेतों में उपयोग करने की योजना बनवाने में सहयोग करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Chandra Prakash Joshi, Bhairon Prasad Mishra. Shri Sudheer Gupta, Shri P.P. Chaudhary,  Shri C.R. Chaudhary are allowed to associate with the issue raised by Dr. Virendra Kumar.